प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार
दिनांक : 23/03/2026 समय :7.11एएम

मुख्य समाचार :—

- पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोलियम, गैस और बिजली आपूर्ति को लेकर बुलाई उच्चस्तरीय बैठक।
- सीधी में औचक दौरे पर सख्त हुए मुख्यमंत्री, कलेक्टर और गुना एसपी हटाए, बैंक महाप्रबंधक निलंबित।
- यूपीएससी में चयनित मध्य प्रदेश के 61 होनहारों से आज भोपाल में मिलेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।
- ट्रंप की धमकी का ईरान ने दिया जवाब, बिजली संयंत्रों पर हमला हुआ तो होर्मुज जलमार्ग पूरी तरह बंद कर देंगे।

पीएम मोदी— उच्चस्तरीय बैठक

पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल ऊर्जा सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें पेट्रोलियम, गैस, बिजली और उर्वरक की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। होर्मुज स्ट्रेट में संभावित व्यवधान को लेकर भी चिंता जताई गई जो दुनिया के बड़े हिस्से को तेल और गैस की आपूर्ति करता है। सरकार ने पर्याप्त भंडार बनाए रखने और आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।

पेट्रोलियम मंत्रालय— पेट्रोल, एलपीजी

केंद्र सरकार का कहना है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने आज बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई सामान्य है और घबराहट में की जा रही बुकिंग भी अब कम हुई है। मंत्रालय का कहना है कि अस्पतालों और स्कूलों समेत जरूरी जगहों पर वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाई गई है। वहीं जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए पूरे देश में छापेमारी जारी है।

मुख्यमंत्री— कलेक्टर निलंबित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल सीधी जिले का औचक दौरा किया और लापरवाह अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई की। उन्होंने सीधी कलेक्टर को तत्काल हटाने और जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक को निलंबित करने के आदेश दिए। गुना में नगद राशि हेरफेर मामले में एसपी को भी पद से हटाया गया। अब

सीधी के नए कलेक्टर विकास मिश्रा होंगे जबकि हटाए गए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी को भोपाल में नई जिम्मेदारी दी गई है। वहीं गुना की नई एसपी हितिका वसल होंगी और हटाए गए एसपी अंकित सोनी को पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि जो अधिकारी जनता की समस्याएं नहीं सुल्झा सकते, उन्हें फील्ड में रहने का कोई हक नहीं।

<u>मोहन यादव– यूपीएससी मुलाकात</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज यूपीएससी परीक्षा में चयनित प्रदेश के 61 होनहार अभ्यर्थियों से संवाद कर उनका सम्मान करेंगे। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'सफलता के मंत्र' कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थी अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानियां साझा करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री 'प्रतिभाओं का परचम' पुस्तिका का विमोचन भी करेंगे।

<u>मुख्यमंत्री– मीरजापुर दौरा</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल उत्तर प्रदेश के मीरजापुर स्थित श्री परमहंस आश्रम पहुंचकर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज से भेंट की। डा. यादव ने उन्हें 2028 के उज्जैन सिंहस्थ महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने संतों और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संतत्व से ही देवत्व की प्राप्ति संभव है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में भगवान राम व कृष्ण से जुड़े स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

<u>स्वतंत्रता सेनानी– शहादत</u>

आज राष्ट्र महान स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को उनके शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इन्हें वर्ष 1931 आज ही के दिन लाहौर की केंद्रीय जेल में फांसी दी गई थी। इन तीनों क्रांतिकारियों पर 17 दिसंबर, 1928 को ब्रिटिश पुलिस अधिकारी सांडर्स की गोली मारकर हत्या करने का आरोप था।

<u>इंदौर फायर सेफ्टी</u>

इंदौर में हाल ही में हुए अग्निकांड के बाद जिला प्रशासन सख्त हो गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने रविवार को बड़े अधिकारियों की बैठक लेकर फायर सेफ्टी को लेकर कड़े निर्देश दिए। तीन मंजिल से ऊंची सभी व्यावसायिक इमारतों को 15 दिन में फायर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करनी होगी। इसके बाद एसडीएम की टीमें इमारतों का निरीक्षण करेंगी और नियम न मानने वालों का लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

अच्छी खबर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में जुटा है। शहडोल जिले की सैकड़ो महिलाएं आत्मनिर्भर होकर दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। इस बारे में अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे शहडोल संवाददाता अरविंद पाण्डेय।

एक जिला एक उत्पाद–एमएसएमई मंत्री, चेतन्य कश्यप

प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चेतन्य कश्यप ने रतलाम में 'एक जिला एक उत्पाद समिट 2026' को संबोधित किया। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि जीआई टैग का भरपूर फायदा उठाएं और रतलामी सेव को दुनिया के बाजार तक पहुंचाएं। मंत्री ने बताया कि खुद प्रधानमंत्री मोदी रतलामी सेव का जिक्र कर चुके हैं, जिससे इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने मंडला में 280 कारीगरों को करीब एक करोड़ रुपये की मशीनें और टूलकिट बांटे। इनमें कुम्हारों के लिए इलेक्ट्रिक चाक, सिलाई मशीनें, मधुमक्खी पालन के बक्से और अगरबत्ती मशीनें शामिल रहीं। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश में अब तक चार हजार से ज्यादा टूलकिट बांटे जा चुके हैं। पिछले 11 सालों में खादी का कारोबार 35 हजार करोड़ से बढ़कर एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच गया है।

किसान सेवा पखवाड़ा

भाजपा किसान मोर्चा आज से 29 मार्च तक प्रदेशभर में 'किसान सेवा पखवाड़ा' अभियान चलाएगा। अभियान की शुरुआत 62 मंडियों में प्याऊ और स्वास्थ्य शिविरों से होगी, जबकि 25 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन पर उन्नत और जैविक किसानों को सम्मानित किया जाएगा। समापन पर 29 मार्च को 62 मंडियों में 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

सचिन तेंदुलकर मार्ग

ग्वालियर में सचिन तेंदुलकर मार्ग को नया रूप मिलने जा रहा है। कल सांसद भारत सिंह कुशवाह ने इस सड़क के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन किया। करीब सात करोड़ तेरह लाख रुपये की लागत से यह सड़क बनाई जाएगी।

ईरान चेतावनी

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने चेतावनी दी है कि अगर अमरीका ने बिजली संयंत्रों पर हमला किया तो होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। ईरान ने कहा है कि जब तक बिजली संयंत्र दोबारा नहीं बन जाते, यह जलमार्ग नहीं खुलेगा। यह बयान राष्ट्रपति ट्रंप की उस धमकी के जवाब में आया है जिसमें उन्होंने 48 घंटे में होर्मुज न खोलने पर ईरान के बिजली संयंत्रों को नष्ट करने की बात कही थी।

मौसम

अब बात मौसम की। प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने 26 मार्च से पूर्वी मध्य प्रदेश के जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के 20 से ज्यादा जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले अगले तीन दिन तेज गर्मी पड़ेगी और पारा 3 से 5 डिग्री तक चढ़ सकता है। कल भी अधिकांश शहरों में तापमान 32 डिग्री के पार रहा। नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 26 मार्च के बाद राहत मिलने की उम्मीद है।

समाचार संक्षेप में :–

- खंडवा में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया और जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की उपस्थिति में "आदि रंग" महोत्सव का समापन हुआ।
- विश्व जल दिवस पर नर्मदापुरम के पिपरिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने जल संरक्षण की शपथ ली।
- इस मौके पर बैतूल जिले के सभी विकासखंडों में भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब, कुएं और नदियों की सफाई कर ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।
- जबलपुर में सड़क पर बस खड़ी कर सवारी भरने वाले बस संचालकों के खिलाफ आज से यातायात पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से चालानी कार्रवाई करेगा। इसके अलावा जिले से डेढ़ हजार श्रद्धालुओं का दल 'श्री रामलला अयोध्या धाम तीर्थ यात्रा' के तहत विशेष ट्रेन से अयोध्या रवाना हुआ।
- नलखेड़ा के माँ बगलामुखी मंदिर परिसर में पुलिस ने जनजागरूकता प्रदर्शनी लगाकर श्रद्धालुओं को नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण और सीपीआर प्रशिक्षण जैसे अभियानों की जानकारी दी।
- डिंडौरी में कल जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर 11 हजार बच्चों को विद्या आरंभ प्रमाण पत्र देकर स्कूल शिक्षा में प्रवेश का उत्सव मनाया जाएगा।
- शिवपुरी में लगे वृहद स्वास्थ्य शिविर में कल भी हजारों मरीजों ने पंजीयन कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार का लाभ लिया।
- उज्जैन पुलिस लाइन में महिला पुलिस अधिकारियों के लिए विशेष वेलनेस कैंप आयोजित किया गया।
- ग्वालियर के सातऊ ग्राम स्थित शीतला माता मंदिर में नवदुर्गा महोत्सव मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर रुचिका चौहान रात को मंदिर पहुंचीं।
- सागर के केशवगंज वार्ड में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन और निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने 17 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी रोड और नाली का लोकार्पण किया।

———————————